आपातकाल में **Triple Zero (000)** पर फोन कीजिए

आपातकाल में पुलिस, अग्नि या ऐम्बुलेंस के लिए ऑस्ट्रेलिया भर में कहीं से भी Triple Zero (000) पर फोन कीजिए। फोन कॉल निःशुल्क है।

000

EMERGENCY

Triple Zero (000) पर फोन कब करना चाहिए

आपको Triple Zero (000) पर फोन तब करना चाहिए जब जान को खतरा हो या ऐसी खराब स्थितियों में जब पुलिस, अग्नि या ऐम्बुलेंस की प्रतिक्रिया की तुरन्त अवश्यकता हो।

मेरे Triple Zero (000) को फोन करने पर क्या होगा?

संचालक (ऑपरेटर) आपसे पूछेगा/पूछेगी की आपको पुलिस, अग्नि या ऐम्बुलेंस में से कौन से आपातकालीन सेवा की आवश्यकता है – फिर आपका सम्बन्ध वहाँ जोड़ देंगे। संचालक आपसे यह भी पूछ सकता/सकती है कि आप कहाँ से फोन कर रहें हैं।

अगर मुझे अंग्रेजी बोलने में कठिनाई हो तो क्या होगा?

अगर आपको अंग्रेजी में बात करने में कठिनाई हो तो जब आपको आपकी आपातकालीन सेवा के साथ जोड़ दिया जाये तो आप कह सकते हैं कि आपको दुभाषिए की आवश्यकता है। आपको दुभाषिए के लिए कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा।

जब आप Triple Zero (000) को फोन करे तो शांत रहते हुए लाइन पर बने रहिए तथा संचालक के सवालों का स्पष्ट जवाब दीजिए।

www.**triplezero**.gov.au

Australian Government

acma
Australian Communications and Media Authority